झारखण्ड शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद्, राँची

PROJECT RAIL
(REGULAR ASSESSMENT FOR IMPROVED LEARNING)
General School

विषय- इतिहास | कक्षा- 12
समय -1 घण्टा | पूर्णांक- 20

सामान्य निर्देश :

1. *इस प्रश्न-पत्र में कुल 12 प्रश्न हैं। सभी प्रश्नों के उत्तर देना अनिवार्य है।*

2. *प्रश्न के प्रकार एवं अंक:*

प्रश्न 1 से 6 - वस्तुनिष्ठ प्रश्न (6x1=6)

प्रश्न 7 से 10 - लघु उत्तरीय प्रश्न (4x2 =8)

प्रश्न 11 एवं 12 - दीर्घ उत्तरीय प्रश्न (2x3=6)

3. *प्रश्न संख्या 1 से 6 बहुविकल्पीय प्रकार के हैं। 6 बहुविकल्पीय प्रश्नों में से 2 प्रश्न योग्यता आधारित प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न 1 अंक का है। बहुविकल्पीय प्रकार के प्रश्न 1 से 6 के लिए चार विकल्प दिए गए है, सही विकल्प (a, b, c, d) का चयन कर उत्तर पुस्तिका में लिखना है।*

4. *परीक्षा की समाप्ति से पहले किसी भी परीक्षार्थी को परीक्षा कक्ष से बाहर जाने की अनुमति नहीं होगी।*

SECTION- A (6x1=6) (वस्तुनिष्ठ प्रश्न)

Q.1 When did Harihar and Bukka establish the Vijaynagar empire?

हरिहर और बुक्का ने विजयनगर साम्राज्य की स्थापना कब की?

a) 1326 b) 1336 c) 1339 d) 1356

RAIL 02-11-2026

Q.2 Who was the greatest ruler of Vijaynagara?

विजयनगर राज्य का महानतम शासक कौन था?

a) Veer Narsingh / वीर नरसिंह

b) Krishnadevrai / कृष्णदेव राय

c) Achyut rai / अच्युतराय

d) Sadashivrai / सदाशिवराय

Q.3 Who wrote a book named Amukta Malyada?

आमुक्तमाल्यदा नामक पुस्तक किसने लिखी थी?

a) Harihar-I / हरिहर-1

b) Bukka / बुक्का

c) Devrai I / देवराय-1

d) Krishnadev Rai / कृष्णदेवराय

Q.4 Who composed Akbarnama?

अकबरनामा नामक ग्रंथ की रचना किसने की?

a) Amir Khush-ro / आमीर खुसरो

b) Albaruni / अल-बरूनी

c) Ibn-batuta / इब्न-बतूता

d) Abul Fazal / अबुल फजल

Q. 5 A group of students visited a historical monument in Delhi and learned that its construction was started by the founder of the Delhi Sultanate. Identify the ruler who initiated the construction of this monument (Qutub Minar).

विद्यार्थियों का एक समूह दिल्ली के एक ऐतिहासिक स्मारक का भ्रमण करने गया। वहाँ उन्होंने जाना कि इस स्मारक (कुतुबमीनार) का निर्माण दिल्ली सल्तनत के संस्थापक शासक द्वारा आरम्भ कराया गया था। उस शासक की पहचान कीजिए।

RAIL-02-11-2026

a) Ibn Battuta/ इब्नबतूता
b) Jalaluddin Khilji/ जलालुद्दीन खिलजी
c) Qutubuddin Aibak/ कुतुबुद्दीन ऐबक
d) Razia Sultana/ रजिया सुल्तान

Q. 6 A historian compared the population data of India between 1600 A.D. and 1700 A.D. and found a significant increase during this period. Based on historical records, estimate the increase in India's population during these 100 years.

एक इतिहासकार ने 1600 ई० और 1700 ई० के बीच भारत की जनसंख्या के आँकड़ों का अध्ययन किया। अध्ययन से ज्ञात हुआ कि इस अवधि में जनसंख्या में उल्लेखनीय वृद्धि हुई। ऐतिहासिक अभिलेखों के आधार पर बताइए कि इस 100 वर्षों में भारत की आबादी लगभग कितनी बढ़ी**?**

a) 6 Crores/6 करोड़
b) 7 Crores/7 करोड़
c) 5 Crores/5 करोड़
d) 10 Crores/10 करोड़

SECTION- B (4x2=8) (लघु उत्तरीय प्रश्न)

Q. 7 Who were Landlords? What were their role in Mughal Administrative System?

जमींदार कौन थे? मुगल प्रशासनिक व्यवस्था में उनकी क्या भूमिका थी?

Q. 8 What do you know about Ain-I-Akbari?

आइन-ए-अकबरी के बारे में आप क्या जानते हैं?

RAIL 02-11-2026

Q. 9 What do you understand by Raichur doab?

रायचूर दोआब से आप क्या समझते हैं?

Q.10 When was the battle of Talikota fought and between whom?

तालीकोटा का युद्ध कब हुआ और किनके बीच हुआ?

SECTION- C (2x3=6) (दीर्घ उत्तरीय प्रश्न)

Q.11 Who were Nayaks and Amar Nayaks? What was their role in Vijaynagara's administration?

नायक और अमरनायक कौन थे? विजयनगर प्रशासन में उनकी क्या भूमिका थी?

Q.12 Read the following situation carefully:

A historian studying village life during the Mughal period found that women actively participated in various agricultural activities such as sowing, weeding, harvesting, and processing crops. Their contribution was important for increasing agricultural production and supporting family livelihoods.

Question:

Based on the above information, analyze the role of women in agricultural production during the Mughal period. How did their participation contribute to the rural economy?

निम्नलिखित परिस्थिति को ध्यानपूर्वक पढ़िए:

RAIL 02-11-2026

एक इतिहासकार ने मुगल काल के ग्रामीण जीवन का अध्ययन करते हुए पाया कि महिलाएँ बुआई, निराई-गुड़ाई, फसल कटाई तथा कृषि उत्पादों के प्रसंस्करण जैसे कार्यों में सक्रिय रूप से भाग लेती थीं। उनका योगदान कृषि उत्पादन बढ़ाने और परिवार की आजीविका बनाए रखने में महत्वपूर्ण था।

प्रश्न:
उपरोक्त जानकारी के आधार पर मुगल काल में कृषि उत्पादन में महिलाओं की भूमिका का विश्लेषण कीजिए। उनकी भागीदारी ने ग्रामीण अर्थव्यवस्था को किस प्रकार प्रभावित किया**?**

RAIL 02-11-2026